>

Title: Need to take steps to start new train service between Hingoli Parliamentary Constituency and Mumbai.

**श्री सुभाष बापूराव वानखेडे (हिंगोली):** माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं और मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

गये 10-15 सालों से हमारी मांग है, मेरा तो यह फर्स्ट टर्म है, मैं एम.पी. चुनकर आया हूं, लेकिन इसके पहले भी सभी एम.पीज़. ने, सांसदों ने यह मांग की है। हम अकोलावासी हिंगोली, परभनी यह उम्मीद मुम्बई तक जाने वाली नई ट्रेन की मांग बहुत दिन से यहां कर रहे हैं। ममता दीदी को मैंने कम से कम 10, 20, 25 लैटर्स दिये हैं और वहां से सभी राष्ट्रीय दलों के नेता, सभी अधिकारी-कर्मचारी और कम से कम 60-70 लाख लोगों की तरफ से हमारी मांग है कि हिंगोली से मुम्बई तक जाने वाली एक एक्सप्रैस ट्रेन जल्दी से जल्दी चालू की जाये और मुम्बई से जो लातूर के लिए ट्रेन चलती है, इस ट्रेन का विस्तार हिंगोली तक होना चाहिए, ऐसी मांग हम कई दिनों से यहां कर रहे हैं। **...**(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: The Railway Budget is there tomorrow. You can speak on that.

...(*Interruptions*)

**श्री सुभाष बापूराव वानखेडे :** मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूं कि कल के बजट में मैं तो बोल रहा हूं कि महाराष्ट्र इस देश में है कि नहीं, यह हमको बहुत दुख हो रहा है। जब-जब रेल बजट पेश होता है, तब-तब हम देखते हैं, लेकिन पैसा इधर खर्च हो जाता है।

महाराष्ट्र पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, इसलिए हम स्वामी जी, आपकी ओर से विनती करते हैं कि कल ममता दीदी को आप प्रार्थना करें और महाराष्ट्र में जितनी हमारी ट्रेन के, रेल के जो प्रकल्प हैं, इनको निधि उपलब्ध कराने के लिए यहां हमारा सहकार करें। जयहिन्द-जय महाराष्ट्र।